राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़े

रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास, रोड ओवर ब्रिज तथा अंडरपास शिलान्यास और उद्घाटन की राज्यपाल श्री मिश्र ने बधाई दी

जयपुर, 26 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोमवार को सांगानेर सहित राज्य के अन्य रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास, रोड ओवर ब्रिज तथा अंडरपास शिलान्यास और उद्घाटन की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में इन कार्यों से यात्रियों की सुविधाओं में ही बढ़ोतरी नहीं होगी बल्कि राजस्थान के विकास को भी नए आयाम मिलेंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पुनर्विकास कार्यों का वर्चुअल उद्घाटन और शिलान्यास किया। राज्यपाल श्री मिश्र इस कार्यक्रम में राजभवन से वर्चुअल जुड़े।